भोपाल, सोमवार
07
सितम्बर-2026

दैनिक
# पीपुल्स प्रवक्ता

भोपाल, ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित

/Peoplespravakta

E-paper www.peoplespravakta.com
वर्षः 10 | अंक : 138 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 02 रुपए
E-mail Peoplespravakta@gmail.com

**सुविचार**

'सत्य ही देवताओं के लिए हर भलाई का और मनुष्य के लिए हर भलाई का आरंभ है'- प्लूटो

**न्यूज ब्रीफ**

## अकेले नदी साफ करने वाले बिट्टू को विदेश से जॉब-ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अकेले नदी साफ करने वाले मध्य प्रदेश के 20 साल के सुरेंद्र सिंह चौधरी 'बिट्टू तबाही' को नीदरलैंड की संस्था 'द ओशन क्लीनअप' ने नौकरी का ऑफर दिया है। संस्था के फाउंडर और ष्टश्वह्र बॉयन स्लैट ने बिट्टू की मेहनत से प्रभावित होकर लिखा- हमारे साथ काम करो। द ओशन क्लीनअप' कंपनी समुद्रों और नदियों से प्लास्टिक कचरा हटाने का काम करती है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने भी बिट्टू की तारीफ की। उन्होंने कहा कि बदलाव तब शुरू होता है, जब कोई व्यक्ति दूसरों का इंतजार करना छोड़कर खुद पहल करता है। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले से निकलने वाली अजनार नदी का पानी पीने और सिंचाई के काम आता था, लेकिन बढ़ते प्रदूषण से यह गंदे नाले में बदल गई। बिट्टू ने इसकी सफाई की और तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं, जिसके बाद वह वायरल हो गए। शुक्रवार को ष्टरूमोहन यादव ने भी उनसे मुलाकात की। बिट्टू ने इस साल 26 जनवरी को अजनार नदी को उसका पुराना और स्वच्छ रूप लौटाने का संकल्प लिया।

## यूएस मंत्री ने कनाडा को 'छोटा भौंकने वाला कुत्ता' बताया

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर कनाडा के रवैये की आलोचना की है। उन्होंने कनाडा की तुलना बड़े कुत्ते को परेशान करने वाले छोटे भौंकने वाले कुत्ते से की। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में बेसेंट ने कहा कि कनाडा के साथ व्यापार युद्ध का अमेरिका की कीमतों पर असर बहुत मामूली होगा। उन्होंने कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी पर बेहतरीन व्यापार समझौते को ठुकराने का आरोप भी लगाया। दरअसल, अमेरिका और कनाडा के बीच 19-21 अगस्त में हुए तीन दिन की ट्रेड बातचीत के बाद डील नहीं हो पाई थी। पीएम मार्क कार्नी का कहना था कि अमेरिका ने आखिरी समय पर डील की शर्तें बदल दी थी। वहीं अमेरिका ने कहा कि उन्होंने अच्छा ऑफर दिया था। फॉक्स न्यूज ने जब बेसेंट से पूछा कि अमेरिका और कनाडा के बीच चल रहे व्यापार विवाद का आगे क्या होगा, बेसेंट ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि कोई मुझे यह दिखाए कि कनाडा के टैरिफ का अमेरिकी कीमतों पर कोई महत्वपूर्ण सांख्यिकीय असर है।

## ग्रीस एयर शो में करतब दिखा रहा जेट क्रैश, पायलट की मौत

**एथेंस, एजेंसी।** ग्रीस की वायुसेना का दो सीटों वाला स्न-4 फैंटम फाइटर जेट शनिवार को एयर शो के दौरान क्रैश हो गया। इसमें दोनों पायलटों की मौत हो गई। हादसे की असली वजह अभी सामने नहीं आई है। यह हादसा तानाग्रा एयर फोर्स बेस पर आयोजित 'एथेंस फ्लाइंग वीक' के दौरान हुआ। इसे देखने के लिए कई हजार लोग मौजूद थे। अधिकारियों के मुताबिक विमान एयरपोर्ट से करीब 2 किलोमीटर दूर क्रैश हुआ। हादसे की जगह दर्शकों के इलाके से अलग थी, इसलिए बड़ी संख्या में लोगों के मौजूद होने के बावजूद किसी दर्शक के घायल होने की खबर नहीं है। एयर शो शुरू होने के कुछ मिनट बाद विमान ने अचानक ऊंचाई खो दी। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, विमान कम ऊंचाई पर दाईं ओर मुड़ा और जमीन से टकरा गया। हादसे से पहले विमान से धुआं निकलता भी दिखाई दिया था।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा, 50 हजार फीट तक राख उड़ी

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के माउंट अनाक क्राकाटोआ में रविवार को जोरदार विस्फोट हुआ। ज्वालामुखी से निकली राख करीब 50 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंच गई। एयरपोर्ट ऑपरेटर के मुताबिक, विस्फोट के चलते 301 उड़ानें प्रभावित हुईं। इनमें 58 इंटरनेशनल फ्लाइट भी शामिल हैं। फिलहाल जान-माल के नुकसान की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। ज्वालामुखी की राख हवा के साथ उड़कर एयरपोर्ट तक पहुंच गई थी। इसके बाद यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए एयरपोर्ट पर उड़ानें रोकनी पड़ीं। सिंगापुर एयरलाइंस ने रविवार की जकार्ता आने-जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दीं। एयरएशिया ने भी कई उड़ानें रद्द या री-शेड्यूल कीं। यात्रियों से एयरपोर्ट आने से पहले अपनी फ्लाइट की स्थिति और आधिकारिक डिजिटल चैनल चेक करने को कहा।

**पहले दिन प्रवासी भारतीय समुदाय, राजनयिक नेतृत्व और वैश्विक निवेश नेटवर्क से हुआ सशक्त संवाद, सीएम ने कहा...**

# हमारी सरकार का उद्देश्य निवेशकों के लिए दीर्घकालिक विकास साझेदारी का एक विश्वसनीय मंच तैयार करना

- मप्र के वैश्विक निवेश मिशन की प्रभावशाली शुरुआत
- दुबई में मप्र की शिल्प कला से जुड़ रहा वैश्विक समुदाय





**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में अपने चार दिवसीय वैश्विक निवेश एवं व्यापारिक दौरे के प्रथम दिवस की शुरुआत विभिन्न उच्चस्तरीय गतिविधियों और महत्वपूर्ण संवादों के साथ की। इस दौरे का उद्देश्य मध्यप्रदेश को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), वैश्विक औद्योगिक साझेदारियों तथा दीर्घकालिक आर्थिक सहयोग के लिए एक अग्रणी निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। प्रतिनिधिमंडल 7 से 9 सितम्बर 2026 तक आयोजित एआईएम कांग्रेस 2026 में भाग लेकर राज्य की औद्योगिक क्षमताओं, निवेश अवसरों और विकास दृष्टि को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत भारतीय मिशन के अधिकारियों द्वारा किया गया। इसके पश्चात होटल फॉर्च्यून एट्रियम में संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे प्रवासी भारतीय समुदाय ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में जितेंद्र वैद्य के नेतृत्व में लगभग 50 प्रवासी भारतीयों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रवासी भारतीय समुदाय को राज्य के विकास और वैश्विक ब्रांडिंग में महत्वपूर्ण साझेदार बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ताज दुबई, बिजनेस बे में आयोजित मध्यप्रदेश के ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) एवं भौगोलिक संकेतक (जीआई) उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर मध्यप्रदेश की समृद्ध हस्तशिल्प, हथकरघा और पारंपरिक कला विरासत को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में राज्य के छह विशिष्ट विरासत उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिनमें बैतूल का बेल मेटल क्राफ्ट, अशोकनगर की चंदेरी साड़ी, खरगोन के महेश्वर की महेश्वरी साड़ी, उज्जैन का बाटिक प्रिंट, भोपाल की जरी-जरदोजी तथा ग्वालियर कारपेट शामिल हैं। ये उत्पाद मध्यप्रदेश के पारंपरिक कौशल, सांस्कृतिक विविधता और निर्यात क्षमता का प्रतिनिधित्व करते हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य इन उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाना, अंतर्राष्ट्रीय खरीददारों से जोड़ना तथा कारीगरों के लिए नए आर्थिक अवसर सृजित करना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत डॉ. दीपक मित्तल तथा दुबई एवं नॉर्थ अमीरात के भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. ई. विष्णु वर्धन रेड्डी के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में यूएई में कार्यरत भारतीय मिशन की भूमिका, निवेश आकर्षण की संभावनाएं तथा मध्यप्रदेश और यूएई के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान राज्य में उपलब्ध औद्योगिक भूमि, विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी, निवेशक-अनुकूल नीतियों, लॉजिस्टिक्स सुविधाओं तथा औद्योगिक अवसंरचना को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। साथ ही यूएई के संप्रभु निवेश कोषों, प्रमुख कॉर्पोरेट समूहों, व्यापारिक संगठनों और संस्थागत निवेशकों के साथ संपर्क स्थापित करने के लिये भारतीय मिशन के सहयोग का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री ने राजदूत और महावाणिज्य दूत को आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2027 में सक्रिय भागीदारी के लिए भी आमंत्रित किया। प्रथम दिवस की एक अन्य महत्वपूर्ण गतिविधि अरब संसद के अध्यक्ष महामहिम मोहम्मद अहमद अल यामाही के सम्मान में आयोजित विशेष दोपहर भोज रहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अरब देशों और मध्यप्रदेश के बीच व्यापार, निवेश, कृषि, पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्रों में व्यापक सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने अरब निवेशकों को मध्यप्रदेश के नवकरणीय ऊर्जा, औषधि निर्माण, चिकित्सा उपकरण, वस्त्र, लॉजिस्टिक्स, उन्नत विनिर्माण और शहरी अवसंरचना क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महामहिम मोहम्मद अहमद अल यामाही तथा उनके नेतृत्व वाले अरब व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल को मध्यप्रदेश का दौरा करने और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2027 में सहभागी बनने का आमंत्रण दिया। बैठक के दौरान खाद्य प्रसंस्करण, कृषि मूल्य श्रृंखला, कोल्ड चेन अवसंरचना, कृषि लॉजिस्टिक्स तथा दीर्घकालिक निर्यात सहयोग की संभावनाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने जीआईएस-2027 के लिए मध्य पूर्व और अफ्रीका क्षेत्र के अनेक देशों के संसदीय नेताओं एवं संसद अध्यक्षों को महामहिम यामाही द्वारा विशेष आमंत्रण प्रेषित किए। आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों में अल्जीरिया, लेबनान, लीबिया, मॉरिटानिया, मोरक्को, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सोमालिया, सूडान, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात तथा यमन के संसदीय प्रमुख शामिल हैं। इन आमंत्रणों के माध्यम से मध्यप्रदेश और पश्चिम एवं अफ्रीकी देशों के बीच निवेश, व्यापार, उद्योग, अवसंरचना विकास, नवाचार तथा आर्थिक सहयोग को नई गति देने का प्रयास किया जा रहा है।

### वैश्विक मीडिया के समक्ष प्रस्तुत हुई मध्यप्रदेश की विकास दृष्टि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया संवाद में मध्यप्रदेश की औद्योगिक, अवसंरचनात्मक, पर्यटन तथा लॉजिस्टिक्स क्षमताओं को वैश्विक मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि निवेशकों के लिए दीर्घकालिक विकास साझेदारी का एक विश्वसनीय मंच तैयार करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश की सिंगल विंडो प्रणाली, त्वरित स्वीकृति तंत्र, प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों तथा राज्य की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति को निवेशकों के लिए विशेष आकर्षण बताया।

**पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कोलकाता में कहा**

## जौहर वीरता है; जो भैया को सैयां बना लेते हैं, वे क्या जानें?



**कोलकाता, एजेंसी**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में हैं। यहां वे 4 से 6 सितंबर तक हनुमंत कथा कर रहे हैं। शनिवार रात मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सौजन्य भवन में उनका स्वागत किया। इस दौरान मंत्रिमंडल के सदस्य भी मौजूद रहे। डिनर के बीच एक मंत्री ने कहा- पर्ची निकाल दीजिए बाबा। इसके जवाब में शास्त्री बोले- अगला दरबार सीएम हाउस में लगना चाहिए। शास्त्री ने ये बात इस अंदाज में कही कि हॉल में मौजूद सभी लोग हंस पड़े।

बोले- धर्मविरोधी जौहर को नहीं जान सकते- इससे पहले कथा के दौरान पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- अब एक तथाकथित खातून हैं...हमसे रोका नहीं जा रहा, हमारा पेट बार-बार गुड़-गुड़ कर रहा है। हम बहुत कंट्रोल कल से कर रहे हैं लेकिन अब हो नहीं रहा। एक तथाकथित महिला है, उसने रानी पद्मावती पर बयान दिया कि जौहर कायरता है। अरे नकटू, चंडालन, यह कायरता नहीं...जौहर तो वीरता है। समर्पण है, अपने पति के प्रति अर्पण है। तुम क्या जानो जौहर को, तुम क्या जानो संस्कृति को, तुम क्या जानो मर्यादा को? और धर्मविरोधी जान भी नहीं सकते।

## 5 मंजिला हॉस्टल गिरा, 2 की मौत

**बेसमेंट में खुदाई जारी थी, मलबे में दबे युवक ने वीडियो बनाकर भेजा**



**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को एक 5 मंजिला बिल्डिंग गिर गई। इसमें 2 स्टूडेंट्स की मौत हो गई। वहीं, 3 गंभीर रूप से घायल हैं। बिल्डिंग में हॉस्टल चलता था। चश्मदीदों के मुताबिक हादसे के वक्त छात्र कमरों में थे और बेसमेंट में खुदाई चल रही थी। 9 का रेस्क्यू कर लिया गया है। हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि मलबे में कितने बच्चे फंसे हैं। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग में 20-25 कमरे थे और हर कमरे में 2 स्टूडेंट्स रहते थे।

## मध्यप्रदेश में जहरीली शराब से 2 दिन में 11 मौतें

**पीपुल्स प्रवक्ता, सागर।** मध्य प्रदेश के सागर में जहरीली शराब पीने से अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 3 की मौत शनिवार देर रात हो गई थी। हालांकि कलेक्टर ने 10 मौतों की पुष्टि की है। वहीं, करीब 35 लोगों की हालत गंभीर है। इनमें से कुछ लोगों के शरीर नीले पड़ गए हैं। मामले में सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे, जिला आबकारी अधिकारी दिलीप खंडाते और बंडा के आबकारी उप निरीक्षक रोशनी उरेते को सस्पेंड किया गया है। गूगरा चौकी प्रभारी स्ढ्ढ पूरन सिंह और बंडा थाना प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा भी निलंबित किए गए हैं। वहीं, संभागीय फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी नीरज श्रीवास्तव को ग्वालियर मुख्यालय अटैच किया गया है।

## जेएनयू में प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के 11 छात्रों ने एक प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाए है। मामला मई के पहले हफ्ते में हुए वाइवा एग्जाम का है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रोफेसर ने वाइवा के दौरान स्टूडेंट्स से सेक्सुअल कमेंट किए। मई के दूसरे हफ्ते में एक छात्रा ने छात्रों के अनऑफिशियल वॉट्सएप ग्रुप में प्रोफेसर के कमेंट की जानकारी दी। इसके बाद कई और छात्राओं ने भी प्रोफेसर पर इसी तरह के आरोप लगाए। सूत्रों के मुताबिक, प्रोफेसर ने छात्राओं से कहा था कि अगर वे उनके सेक्सुअल प्रपोजल स्वीकार करती हैं तो उन्हें एक्स्ट्रा मार्क्स दिए जा सकते हैं। मई के अंत में आईसीसी में शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद कमेटी ने कई छात्रों को बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। शिकायत के बाद जेएनयू में करीब 45 दिन का सेमेस्टर ब्रेक रहा। जुलाई के मध्य में क्लास शुरू होने के बाद इस मामले को लेकर छात्रों के बीच फिर चर्चा शुरू हुई। जेएनयू प्रशासन ने मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। जेएनयूसीयू ने आरोप लगाया कि कुछ प्रोफेसर छात्रों को बिना जरूरत रात 12 बजे तक लैब में काम करने के लिए कहते हैं।

**शाह बोले- रेड कॉरिडोर की सोच वालों ने हथियार डाले, नॉर्थईस्ट में 10 हजार युवाओं का आत्मसमर्पण**

# नक्सलवाद के बाद नशा भी खत्म करेंगे : शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को गोवा में कहा कि सरकार ने नक्सलवाद खत्म कर दिया है। अब नशीले पदार्थों की समस्या से भी उसी तरह निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि, 'नक्सलवाद के बाद नशीले पदार्थों की समस्या से भी उसी तरह निपटेंगे। जिन्होंने तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर की कल्पना की थी, उन्होंने अब अपने हथियार डाल दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं।

दरअसल, अमित शाह गोवा के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए ये बयान दिया। 3 साल का अभियानः अमित शाह ने कहा- पूरा देश नशा मुक्त भारत के तीन साल के अभियान का समर्थन करेगा। आज आपसे बात करने का उद्देश्य



गोवा के पूरे मीडिया से यह अनुरोध करना भी है कि भारत को नशा मुक्त बनाने के इस लक्ष्य को हासिल करने में हमारी मदद करें। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक कांग्रेस शासन के दौरान, 26 लाख किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए गए थे। जबकि, 2014 और 2026 के बीच, यह आंकड़ा बढ़कर 1 करोड़ 19 लाख किलोग्राम से अधिक हो गया। 1 लाख नशामुक्ती मित्र तैयार किए जाएंगे गृह मंत्री ने कहा कि अभियान 50 करोड़ नागरिकों तक पहुंचेगा।

अभी हाल ही में, प्रधानमंत्री ने एक ही कार्यक्रम में 1 करोड़ युवाओं के साथ बातचीत की। हम 1 लाख 'नशामुक्ति मित्रों' को प्रशिक्षित करने जा रहे हैं पीएम मोदी ने 2 अगस्त को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' लॉन्च किया। उन्होंने कहा था कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने संबोधन में कहा था- दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं। इस साजिश को मिलकर नाकाम करना होगा।

### मोदीः मेरी होम्योपैथी गोली से दिमागी नक्सल बौखला गए

पीएम मोदी शनिवार को श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स कॉलेज के 100वें स्थापना दिवस सामरोह में शामिल हुए। उन्होंने जेन-जी छात्रों के बीच 48 मिनट स्पीच दी। धुरंधर भले न हों, पर धूम मचाई: पीएम मोदी ने कहा कि आपकी लैंग्वेज में कहूं तो इस कॉलेज के पूर्व छात्र ओरिजिनल गैंग्स्टर हैं। वे धुरंधर भले न हों, पर दुनियाभर में धूम तो मचाई है। दी ने यहां अपनी लाल किले पर दी गई 15 अगस्त की स्पीच का जिक्र भी किया। वे बोले- मैंने उस दिन 'दिमागी नक्सल' कहकर होम्योपैथी की ऐसी गोली दी, जिससे सारे विरोधी बौखलाने लगे। पीएम ने कहा- हर बात पर 'इसकी क्या जरूरत है' कहने वाले लोग 'नाराज फूफा' हैं। इनका एक ही डायलॉग होता है, इसकी क्या जरूरत है। इन लोगों ने बुलेट ट्रेन, यूपीआई और नई संसद जैसे कामों पर भी सवाल उठाया।

## शिवसेना नेता ने हॉस्पिटल कर्मचारी को थप्पड़ मारा



**पालघर, एजेंसी**

महाराष्ट्र के पालघर में शनिवार रात शिंदे गुट की शिवसेना के पदाधिकारियों पर रिलीफ हॉस्पिटल में डॉक्टरों और कर्मचारियों से मारपीट का आरोप है। एक शिवसेना नेता ने कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया। कुछ लोग ढ्ढष्ट में भी घुसे और नर्स को धमकाया। हॉस्पिटल कर्मचारी की शिकायत के मुताबिक, शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन सांखे, शहर प्रमुख राहुल घरात और अन्य लोग इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों से बहस की और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे कर्मचारी को राहुल घरात ने थप्पड़ मारा। यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। हंगामा दही हांडी के दौरान घायल हुए गोविंदा के इलाज के बिल को लेकर हुआ था।

## अब नेपाल की थेरांग नदी में बाढ़, बूढ़ीगंडकी अलर्ट पर

**गोरखा में 4 घर और सस्पेंशन ब्रिज बहा**



**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के पहाड़ी जिले गोरखा में रविवार सुबह थेरांग नदी में बाढ़ आ गई। इसके बाद प्रशासन ने बूढ़ीगंडकी नदी के बेसिन में अलर्ट जारी किया है। बाढ़ में 4 घर और एक सस्पेंशन ब्रिज बह गया। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जिला पुलिस के मुताबिक पानी बढ़ने की जानकारी मिलते ही लोग घरों से निकलकर सुरक्षित जगह पहुंच गए थे। इसलिए किसी की मौत नहीं हुई। 26 अगस्त को आई बाढ़ में अब तक 1,344 शव मिल चुके हैं, जबकि करीब 5 हजार लोग अब भी लापता हैं। करीब 400 अरब नेपाली रुपये के नुकसान का शुरुआती अनुमान है।